NEWS BRIEF

जानेंगे शिष्टाचार-सदाचार और मानव मूल्य

जबलपुर। गायत्री परिवार ,मनमोहन नगर द्वारा बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के साहित्य के माध्यम से बच्चों के पालन-पोषण व मार्गदर्शन पर चर्चा की गई। वहीं बाल संस्कार शाला का आरंभ किया गया, जिसमें बच्चों के दैनिक जीवन से जुड़े विषय जैसे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, ध्यान, भारतीय योग आदि का समावेश होगा। कार्यक्रम हर रविवार को वर्चुअल होगा। इस कार्यक्रम को बच्चों के बाल मनोविज्ञान के आधर पर तैयार किया गया है, जिसमें महिला एवं बाल मनोवैज्ञानिक पायल चौरसिया बच्चों का मार्गदर्शन करेंगी। अन्य रचनात्मक गतिविधियाँ मोहन चक्र वैश्य, प्रमेन्द्र जाट एवं रवि, ट्रस्टी गायत्री मंदिर द्वारा होंगी। ई बाल संस्कार शाला में 9 से 14 वर्ष के बच्चों का रजिस्ट्रेशन कराने की अपील गायत्री परिवार ने की है।

Scanned with CamScanner